प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

पंतनगर का 116वां किसान मेला 4 से 7 अक्टूबर 2024 तक

पंतनगर। 05 जुलाई 2024। विश्वविद्यालय में किसान मेला सलाहकार समिति की बैठक कुलपति, डा. मनमोहन सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में सर्वसहमति से यह निर्णय लिया गया कि आगामी 116वां अखिल भारतीय किसान मेला एवं उद्योग प्रदर्शनी का आयोजन विश्वववद्यालय प्रांगण में 4 से 7 अक्टूबर 2024 के मध्य होगा। इस किसान मेले की थीम 'खाद्य सुरक्षा एवं पहाड़ों में टिकाऊ खेती की सम्भावनाएं' होगी। किसान मेला सलाहकार समिति के सदस्य सचिव एवं निदेशक प्रसार शिक्षा डा. जितेन्द्र क्वात्रा द्वारा मार्च 2024 में आयोजित 115वें किसान मेले की उपलब्धियों तथा आगामी 116वें किसान मेले के आयोजन हेतु रणनीति का विवरण प्रस्तुत किया गया। बैठक में किसान मेला के सलाहाकार समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।

बैठक में किसान मेले से संबंधित कई बिन्दुओं जैसे किसान मेले में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन हेतु समितियों का निर्धारण, मेले में किसान गोष्ठी के दौरान दिये जाने वाले वैज्ञानिकों के व्याख्यान, विभिन्न शोध केन्द्रों पर किसानों का भ्रमण, प्रगतिशील कृषकों को सम्मान, स्टाल धारकों को पुरस्कार वितरण, मेले के सफल आयोजन हेतु प्रस्तावित बजट इत्यादि पर चर्चा की गयी। कुलपति द्वारा इस बात पर बल दिया गया कि किसानों को उत्तम बीजों के विक्रय के दौरान उनको कठिनाई न हो और किसान मेले में आने वाले कृषकों को उनको रूकने की समुचित व्यवस्था हो। कुलपति द्वारा मेले में प्रगतिशील कृषक को आमंत्रित करने के लिए कहा गया ताकि उनके अनुभवों का लाभ मेले में आने वाले कृषकों को प्राप्त हो सके। बैठक में विश्वविद्यालय की नियंत्रक श्रीमती आभा गरखाल द्वारा अपने विचार प्रस्तुत किये गये और विश्वविद्यालय हित में आयोजित होने वाले हर एक कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग देने की बात कही गयी। विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, निदेशकगण, संयुक्त निदेशक, अधिकारी एवं विभिन्न समितियों के अध्यक्ष एवं सदस्य उपस्थित थे।

1. किसान मेला सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता करते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान।

निदेशक संचार